देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 27.06.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा– प्रदेश सरकार, पहाड़ी कृषि को जैविक, तकनीक–सम्मत और बाजार–उन्मुख बना रही है।
- आगामी कांवड़ यात्रा की तैयारियां जोरों पर। पौड़ी की जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को 5 जुलाई तक सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए।
- रुद्रप्रयाग जिले में शटल पुल और मुनकटिया के पास लगातार भूस्खलन होने से यात्रा मार्ग बाधित हुआ। प्रशासन मार्ग खोलने में जुटा।
- और, मौसम विभाग ने प्रदेश में 1 जुलाई तक बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। बागेश्वर में आज भारी वर्षा का अलर्ट।

'नेशनल गवर्नेंस टूर'

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पहाड़ी कृषि को जैविक, तकनीक–सम्मत और बाजार–उन्मुख बना रही है। श्री जोशी ने देहरादून में 'नेशनल गवर्नेंस टूर' में शामिल छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब भारत के युवा देश की नीतियों, शासन प्रणाली और समाज के निर्माण में रुचि लेने लगते हैं, तो देश की दिशा और दशा बदलनी शुरू हो जाती है।

उन्होंने कहा कि कौशल विकास केवल नौकरी के लिए नहीं, बल्कि रोजगार देने की शक्ति पैदा करने का माध्यम है। श्री जोशी ने आहवान किया कि युवा 'नौकरी खोजने वाले' नहीं, 'नौकरी देने वाले' बनें।

इस बीच, देहरादून स्थित पुलिस मुख्यालय में छात्रों के लिए ओपन हाउस सत्र आयोजित किया गया, जिसमें 'कानून प्रवर्तन और सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से जन सुरक्षा' विषय पर विस्तृत संवाद हुआ। इस सत्र का उद्देश्य युवाओं को पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली, वर्तमान सुरक्षा चुनौतियों और तकनीकी नवाचारों से परिचित कराना था।

इस भ्रमण यात्रा में देश भर के प्रमुख संस्थानों और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्र–छात्राएँ भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नीति निर्माण, शासन प्रणाली और लोकतांत्रिक मूल्यों की गहराई से समझ देना है।

उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि देश के युवाओं को भारत के योग्य नागरिक बनने के लिए खुद को बदलना होगा और तकनीक का हिस्सा बनना होगा। आज नैनीताल में एक निजी कॉलेज के छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए, श्री धनखड़ ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ब्लॉकचेन और मशीन लर्निंग जैसी तकनीकें आज स्कूलों, कार्यस्थलों और घरों में प्रवेश कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि हम ऐसे समय में रह रहे हैं जब लैंडलाइन होना एक विशेषाधिकार था और अब भारत दुनिया में सबसे अधिक स्मार्टफोन रखने का दावा करता है। उन्होंने कहा कि भारत की डिजिटल पहुंच और कनेक्टिविटी बेजोड़ है।

कांवड़ यात्रा

आगामी कांवड़ यात्रा को सुचारु और सुरक्षित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रदेश में तैयारियां जारी हैं। इस संबंध में पौड़ी जिला मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि 5 जुलाई तक सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रियों के लिए निर्धारित पैदल मार्गों की समयबद्ध मरम्मत की जाए और आवश्यकतानुसार वैकल्पिक मार्गों की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा उन्होंने मुख्य सड़कों पर पैचवर्क का कार्य भी समय से पूरा करने को कहा, ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो।

साथ ही उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग पर वृहद सफाई अभियान चलाया जाएगा। सभी शौचालयों की नियमित सफाई, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, जल कनेक्शन और जल टैंकरों की व्यवस्था भी समय पर सुनिश्चित की जाएगी। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि यात्रा मार्ग पर एम्बुलेंस, आवश्यक दवाएं, चिकित्सकीय उपकरण और स्वास्थ्यकर्मी पूर्व से तैनात रहेंगे।

ग्राम्य विकास पलायन निवारण आयोग बैठक

ग्राम्य विकास पलायन निवारण आयोग, पौड़ी में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. एस.एस. नेगी समेत सभी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में रिवर्स पलायन करने वाले लोगों के रोजगारपरक कार्यों को एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करने और उन्हें प्रोत्साहित करने की दिशा में कार्यक्रम आयोजित करने पर विचार किया गया।

आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. एस.एस. नेगी, ने बताया कि गांव लौटकर स्वरोजगार से जुड़ने वाले लोगों का सर्वे किया जा रहा है, जिससे उन्हें आगे बढ़ाया जा सके।

आयोग के अनुसार रिवर्स पलायन कर अपने गांव लौटने वाले लोगों ने न सिर्फ अपना जीविकोपार्जन किया है, बल्कि दूसरों को भी रोजगार देने का अनुकरणीय कार्य किया है। ऐसे लोगों के कार्यों को समाज के सामने लाने की जरूरत है ताकि अन्य लोग भी इससे प्रेरित होकर गांव में रहकर स्वरोजगार को अपनाएं।

बाल विज्ञान मेला।

अल्मोड़ा के रैमजे इंटर कॉलेज में 23 जून से पांच दिवसीय बाल विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। मेले में नगर के अलग अलग स्कूलों के कक्षा 5 से 10वीं तक के छात्र छात्राएं प्रतिभाग किया। बाल विज्ञान मेले में कार्यशाला के माध्यम से विशेषज्ञों द्वारा पारंपरिक त्योहारों, कला, पर्यावरण, विभिन्न संस्कारों, कहानी लेखन, कविता,नाटक मंचन,  सामाजिकता के बारे में बताया गया।

बाल साहित्य संस्थान अल्मोड़ा के सचिव उदय किरौला ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में प्रतिवर्ष बाल साहित्य संस्थान अल्मोड़ा और भारत ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा बाल मेले का आयोजन किया जाता है।

बाल मेला कार्यशाला में प्रतिभागी यशस्वी जोशी ने कहा कि उन्हें कार्यशाला में बहुत कुछ बताया और सिखाया गया।

स्लाइडिंग जोन

रुद्रप्रयाग जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण शटल पुल के पास और मुनकटिया में लगातार हो रहे भूस्खलन से मार्ग यात्रियों की आवाजाही के लिए पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। प्रशासनिक स्तर पर मार्ग खोलने के प्रयास जारी हैं। एहतियात के तौर पर पुलिस ने यात्रियों को दोनों प्रभावित स्थानों पर रोक दिया है। मार्ग चालू होने के बाद ही यात्रियों को आगे भेजा जा रहा है। वहीं, गौरीकुंड से लौट रहे यात्रियों को सोनप्रयाग की ओर सुरक्षित पहुंचा दिया गया है।

पुलिस ने केदारनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मौसम पूर्वानुमान की जानकारी लेकर और अतिरिक्त सावधानी बरतते हुए यात्रा पर आएं।

मौसम

मौसम विभाग ने प्रदेश में 1 जुलाई तक बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग ने आज बागेश्वर में कहीं–कहीं बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि देहरादून और नैनीताल में कहीं–कहीं येलो अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही राज्य के अन्य हिस्सों में भी हल्की बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। यह स्थिति कल भी देखने को मिलेगी।

29 जून को राज्य के देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, टिहरी और बागेश्वर जिलों में कहीं–कहीं भारी से भारी बारिश के आसार हैं।

विभाग ने मौसम खराब होने की स्थिति में लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। साथ ही मौसम खराब होने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रुकने का आग्रह किया है।